## एक नजर

### देवेंद्र सिंह को दी श्रद्धांजलि

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पत्रकार देवेंद्र सिंह की छठवीं पुण्यतिथि पर पत्रकारों व शहरवासियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि समाज हित में दिए गए देवेंद्र के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

व्यापार मंडल सभागार में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि देवेंद्र सिंह ने सदैव समाज के असहाय व गरीब व्यक्तियों की मदद की। उन्होंने मजदूरों व महिलाओं की आवाज को मजबूती के साथ सरकार तक पहुंचाने का कार्य किया। कहा कि हमें देवेंद्र की आवाज को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करना चाहिए। वक्ताओं ने समाज में बढ़ रहे आपराधिक घटनाओं पर भी चर्चा की। कहा कि अपराध को रोकने के लिए जनता को जागरूक होना अति आवश्यक है। श्रद्धांजलि देने वालो में विपिन उनियाल, जगदीश जोशी, मुजीब नैथानी, राजीव गौड़, चंद्रेश लखेड़ा, उम्मेद सिंह, सूरज कुकरेती, अतुल भट्ट, डा. जेपी ध्यानी, उमेश नौटियाल आदि मौजूद रहे।

### सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं 15 अक्टूबर से

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी (उत्तराखण्ड सरकार) की ओर से प्रदेश में द्वितीय राजभाषा संस्कृत के प्रचार-प्रसार, संवर्धन एवं संरक्षण तथा छात्रों में संस्कृत भाषा के प्रति अनुराग उत्पन्न करने के उद्देश्य से दुगड्डा में 15 व 16 अक्तूबर को संस्कृत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। प्रतियोगिता के कनिष्ठ व वरिष्ठ वर्ग में संस्कृत नाटक प्रतियोगिता, संस्कृत समूहगान प्रतियोगिता, संस्कृत समूह नृत्य प्रतियोगिता, संस्कृत वाद विवाद प्रतियोगिता, संस्कृत आशुभाषण प्रतियोगिता और श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। कनिष्ठ वर्ग में कक्षा 6 से 10 और वरिष्ठ वर्ग में कक्षा 11 से स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राओं को रखा गया है। शनिवार को दुगड्डा विकासखंड के प्रतियोगिता खंड संयोजक कुलदीप मैंदोला ने बताया कि प्रतियोगिताओं में उत्तराखण्ड राज्य के सभी पंजीकृत शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। उन्होंने प्रतिभागियो से अधिक जानकारी के लिए संबधित खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से संपर्क करने की अपील की है।

### विद्यार्थी लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़े : प्रधानाचार्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : अगस्त्या इंटरनेशनल फाउंडेशन व यूकोस्ट के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज पौड़ी में लैब ऑन वील्स विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य सावित्री नेगी ने कहा कि विद्यार्थी जीवन ही मनुष्य के जीवन निर्माण की पहली सीढ़ी है, जो इस समय का सदुपयोग करते हैं वे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर जाते हैं। कहा कि बच्चे सबसे पहले अपना लक्ष्य निर्धारित करें और फिर उसे प्राप्त करने का प्रयास करें। प्रदर्शनी में भौतिक, जीव व खगोल विज्ञान आदि विषय की छात्राओं ने हिस्सा लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान शिक्षकों ने छात्राओं को प्रदर्शनी को लेकर विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर समंवयक सोनाली नौटियाल, प्रधानाचार्य सावित्री नेगी, शोभा बड़थ्वाल, कांति किमोठी, दीपा रावत, दया शंकर, अनूप नेगी, रितिका रावत आदि मौजूद रहे।

### एसपी विशाखा अशोक को दी पुलिस परिवार ने विदाई

रुद्रप्रयाग : जनपद में नियुक्त पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे का पौने दो वर्ष कार्यकाल रहा सराहनीय रहा। एसपी का स्थानान्तरण अपराध/क्राइम अगेंस्ट वूमन, पुलिस मुख्यालय के पद पर होने पर पुलिस परिवार की ओर से विदाई दी गई। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए एसपी को कुशल अधिकारी होने के साथ ही अधीनस्थ पुलिस बल के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बताया। पुलिस कार्यालय सभागार में आयोजित विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक विशाखा ने कहा कि पौने दो वर्ष के कार्यकाल में आप सभी के सहयोग यात्रा के दौरान आने वाली चुनौतियों से आसानी से निपटा जा सका है। वर्ष 2023 में रिकार्ड तोड यात्रा रही तो इस वर्ष की यात्रा का शुरुआती समय काफी चैलेंजिंग रहा। हम सकुशल ढंग से यात्रा का संचालन कर पाए इसके लिए सभी कार्मिकों ने अपना योगदान दिया। उन्होंने उपस्थित सभी का आभार प्रकट किया। इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक प्रबोध कुमार घिल्डियाल, प्रतिसार निरीक्षक विकास पुण्डीर, समस्त थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी व शाखा प्रभारी मौजूद थे।

# धरातल पर नहीं उतरी योजना, पार्किंग न होने से बिगड़ी व्यवस्था

## पूर्व में शहर के विभिन्न स्थानों पर पार्किंग निर्माण के लिए चिह्नित की गई थी जगह

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : शहर में पार्किंग के लिए बनाई गई निगम की योजना धरातल पर उतरने से पहले ही हवा हो गई। दरअसल, नगर निगम की ओर से सड़क किनारे चौड़े स्थानों को चिह्नित कर इन्हें पार्किंग स्थल के रूप में विकसित करने की योजना बनाई गई थी। लेकिन, एक वर्ष बीत जाने के बाद भी यह योजना धरातल पर रंग नहीं ला पाई। नतीजा सड़क किनारे बेतरतीब तरीके से पार्क वाहन यातायात में बाधा बन रहे हैं।



कोटद्वार के प्रेक्षागृह में बेतरतीब तरीके से खड़े वाहन

शहर में लगातार वाहनों की संख्या बढ़ती जा रही है। ऐसे में पार्किंग स्थल नहीं होने से यातायात व्यवस्था बेपटरी होती जा रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ ही अन्य मार्गों पर बेतरतीब तरीके से खड़े वाहन जाम का मुख्य कारण बन रहे हैं। कई स्थानों पर तो आमजन का पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। शहरवासियों की शिकायत के बाद नगर निगम ने एक वर्ष पूर्व शहर में सड़क किनारे चौड़े स्थानों को पार्किंग स्थल बनाने का निर्णय लिया था। बकायदा पार्किंग स्थल के लिए चिह्नित प्रेक्षागृह के निचले तल व तहसील के बाहर राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे दीवार पर पार्किंग शुल्क भी दर्शाया गया था। इसके तहत दोपहिया वाहनों के लिए दस रुपये व चार पहिया वाहनों के लिए बीस रुपये शुल्क निर्धारित किया गया था। यह यह योजना केवल शुल्क निर्धारित करने तक ही सीमित रह गई।

# आशु भाषण प्रतियोगिता में अनुराग उनियाल रहा अव्वल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में बीएड विभाग की ओर से ह्लआशु भाषण प्रतियोगिताह्व का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अनुराग उनियाल ने अव्वल स्थान प्राप्त किया।




कोटद्वार महाविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थी

कार्यक्रम का शुभारंभ विभाग प्रभारी प्रोफेसर आरएस चौहान ने किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि पाठय् सहगामी क्रियाएं विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में सहायक होती हैं। कार्यक्रम संयोजक डॉ. धर्मेन्द्र कुमार मौर्य ने बताया कि आशु भाषण प्रतियोगिता के द्वारा विद्यार्थियों में आलोचनात्मक चिंतन समस्या समाधान की क्षमताएं एवं तात्कालिक निर्णय की क्षमताएं बढ़ती हैं। कार्यक्रम में बीएड के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में विभाग के प्रो. वीसी शाह, डा. एससी बहुगुणा, डा. सुषमा थलेड़ी निर्णायक मंडल मे शामिल रहे। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अनुराग उनियाल, दितीय स्थान सृजन बुढ़कोटी एवं तृतीय स्थान रीना ने प्राप्त किया। इस अवसर पर विभाग के डा. धर्मवीर सिंह, डा. हितेंद्र कुमार सहित भारी संख्या मे छात्र-छात्राए उपस्थित रहे।

# गणपति बप्पा मोरिया के जयकारों से गूंजा शहर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : शहर में गणेश चतुर्थी महोत्सव शुरू हो गया है। शनिवार को भगवान गणेश की विशाल प्रतिमा लाने के बाद छोटी प्रतिमाओं को लेकर ढोल नगाड़ों के साथ शहर में शोभायात्रा निकाली गई।

इस दौरान व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों के साथ श्रद्धालुओं द्वारा लगाए गए गणपति बप्पा मोरिया के जयकारों से सारा शहर गूंज उठा। 9 दिन तक चलने वाले गणेश चौथ महोत्सव पर सुबह से लेकर शाम कीर्तन भजन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी होता है। दसवें दिन भगवान गणेश की मूर्ति का विसर्जन किया जाता है। बताया कि दसवें दिन 17 सितंबर को देवप्रयाग संगम में भगवान गणेश की मूर्ति विसर्जित की जाएगी।

शनिवार को सीएमओ कार्यालय के समीप से शुरू हुई भव्य शोभा यात्रा शहर के मुख्य बाजारों से होकर गुजरी। श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश की शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की। भक्तों ने इस दौरान गणेश भगवान के दर्शन कर प्रसाद और आशीर्वाद लिया। शहर के मुख्य बाजारों से होते हुए शोभायात्रा लोअर बाजार स्थित गणेश चौथ हाल पहुंची। जहां पर भगवान गणेश की भव्य प्रतिमा को स्थापित किया गया। यहां भगवान गणेश के भक्तों द्वारा गणपति बप्पा मोरिया के जयकारे लगाकर भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की। आयोजकों ने बताया कि महाराष्ट्र की तर्ज पर हर साल यहां गणेश महोत्सव का आयोजन किया जाता है। जिसमें स्थानीय लोगों द्वारा सुंदर-सुंदर झांकियां भी प्रस्तुत की जाती हैं।

## एल्वेंडाजोल दवा के बारे में दी जानकारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : प्रखंड एकेश्वर के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय अमोठा में राष्ट्रीय पोषण मिशन के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को एल्वेंडाजोल दवा के बारे में भी जानकारी दी गई। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दीक्षा जोशी व लीलाधर पांडे ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान विद्यालय के छात्रों ने स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। ततपश्चात गढ़वाली, कुमांउनी, जौनसारी लोकगीतों पर शानदार नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मंसार लोक कला सांस्कृतिक समिति की तरफ से भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में सब्जी व फल के स्टाल भी लगाए गए। साथ ही बच्चों को एल्वेंडाजोल की दवाई आवश्यक रूप से सेवन करने की सलाह दी गई। इस मौके पर प्रधानाध्यापक विनोद सिंह बिष्ट, ग्राम प्रधान देवेंद्र सिंह बिष्ट, प्रमोद ममंगाई मौजूद रहे।

# स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर आत्मनिर्भर बने महिलाएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : उड़ान स्वायत्त सहकारिता राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन व ग्रामीण वेगवृद्धि के तत्वावधान में वार्षिक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें समूहों के माध्यम से निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस दौरान महिलाओं को समूह से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया।

पदमपुर सुखरो में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने किया। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों को ग्रामीण विकास की नींव बताया। कहा कि महिला समूह न केवल स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन में सहायक हैं। बल्कि, महिला सशक्तिकरण व आर्थिक स्वालंबन की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कहा कि समूहों के माध्यम से हम ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की गति को तेज कर सकते हैं। उन्होंने सरकार के माध्यम से महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं को भी सराहा। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सरकार ने महिलाओं की सामाजिक व आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें आर्थिक अवसर प्रदान करना है। उन्होंने समूहों को उत्पाद गुणवत्ता में सुधार व आर्थिक साक्षरता के क्षेत्र में अतिरिक्त प्रशिक्षण व संसाधनों की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने सरकार की ओर से इन समूहों के लिए उपलब्ध योजनाओं और सहायता की जानकारी भी साझा की और उन्हें इन योजनाओं का पूरा लाभ उठाने की सलाह दी। इस मौके पर बीडीओ प्रभारी दीक्षित जोशी, सोनिया असवाल, लक्ष्मी नेगी, सुनीता काला मौजूद रहे।



कार्यक्रम का शुभारंभ करती विस अध्यक्ष

# खिलाड़ियों ने जीते रजत व कास्य पदक




प्रतियोगिता जीतने वाले खिलाड़ी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : आरईसी ओपन टैलेंट हंट राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में कोटद्वार की टीम ने दो रजत व चार कास्य पदक अपने नाम किए। इस दौरान खिलाड़ियों की इस सफलता पर खेल प्रशिक्षकों ने खुशी व्यक्त की।

नोएडा में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें देश के करीब 15 सौ मुक्केबाजों ने प्रतिभाग किया। राजकीय स्टेडियम कोटद्वार के छात्रावास कोच श्याम सिंह डांगी ने बताया कि राष्ट्रीय स्तरीय आरईसी ओपन टैलेंट हंट प्रतियोगिता में कोटद्वार के विशाल थापा ने 46 से 49 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक, अभिषेक ने 48 से 50 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीता। धर्मेंद्र थापा ने 44 से 46 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक, राज सिंह ने 49 से 52 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक, प्रत्युष डोभाल ने 52 से 55 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक, मानसी नेगी ने 66 से 70 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीता। इस प्रतियोगिता में लक्की बगड़वाल, अभय धामी, अंशवीर सिंह चौहान, दीपक रावत ने भी प्रतिभाग किया।

## आउटसोर्स कर्मियों को नियमित करने की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : अधिवक्ता स्व. जगमोहन भारद्वाज स्मृति जन सरोकार मंच के संयोजक नंदलाल धनगर ने स्वास्थ्य विभाग के आउटसोर्स कर्मियों को नियमित करने की मांग की है। इस संबंध में शनिवार को प्रदेश के राज्यपाल और मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के लड़खड़ाने की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। सरकार की ओर से लंबे समय तक आउटसोर्स के माध्यम से अस्पतालों में नियुक्त कर्मियों को कार्य से बाहर कर दिया गया।

अगर इन्हीं कर्मचारियों को नियमित कर दिया जाये तो अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं नियमित रूप से चलती रहेंगी और मरीजों को इसका लाभ पहुंचेगा। उन्होंने प्रदेश के राज्यपाल और मुख्यमंत्री से इस संबध में सकारात्मक कार्रवाई करने की अपील की है।

# एसएसपी ने छात्रों को सिखाएं व्यक्तित्व विकास और सफल होने के गुर



एसएसपी लोकेश्वर सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : गोविंद बल्लभ पंत अभियान्त्रिकी महाविद्यालय घुड़दौड़ी पौड़ी में आयोजित पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम में एसएसपी लोकेश्वर सिंह ने छात्र-छात्राओं को व्यक्तित्व विकास के बारे में बताया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को अपने जीवन में सफलता पाने के लिए छात्रों को अपने लक्ष्यों को निर्धारित कर टाइम मैनेजमेंट के साथ लक्ष्य प्राप्ति तक निरंतर प्रयास करने व रीडिंग हैबिट को विकसित करने हेतु प्रेरित किया गया।

एसएसपी ने कहा कि व्यक्तित्व एक ऐसी क्वालिटी है जो हर इंसान के व्यवहार और रवैये के बारे में सब कुछ बता देती है। व्यक्तित्व विकास से हम अपने स्वभाव और व्यवहार में सुधार कर सकते है, हमें व्यक्तित्व के विकास के लिये आत्मविश्वास, पॉजिटिव सोच के साथ-साथ अच्छी आदतों को अपनाना चाहिए। इस दौरान छात्रों द्वारा पूछे गए सभी प्रकार के सवालों का भी एसएसपी ने जवाब दिया।

# रैली निकालकर नेत्रदान और रक्तदान करने की अपील

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : नेत्रदान पखवाड़े के तहत राष्ट्रीय अंधता निवारण कार्यक्रम के तहत शनिवार को शहर में जिला अंधता निवारण समिति द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान विभिन्न संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने नारों के माध्यम से लोगों को रक्तदान और नेत्रदान करने की अपील की। इस मौके पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए विधायक राजकुमार पोरी ने कहा कि नेत्रदान करने से किसी की अंधेरी जिंदगी में रोशनी हो सकती है। कोई भी व्यक्ति मरने के बाद अपनी आंखों का दान करने के लिए शपथ पत्र भरकर दे सकता है रैली में नर्सिंग कॉलेज, सतचंडी गढ़वाल पैरामेडिकल और पराज पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। शनिवार को शहर के विभिन्न हिस्सों से जागरूकता रैली नगर पालिका के हॉल तक आयोजित की गई। इसके बाद नगर पालिका सभागार में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिला अंधता निवारण समिति के जिला कार्यक्रम समंवयक नृपेश तिवारी व जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं एसीएमओ डा. रमेश कुंवर ने छात्र-छात्राओं को नेत्र से संबंधित बीमारियों के बारे में जानकारी देने के साथ ही उनके उपचार भी बताए गए। इस दौरान लोगों को अंधता दृष्टिबाधित्ता के पांच प्रमुख कारण मोतियाबिंद, ग्लूकोमा, दृष्टि दोष, रेटिना की बीमारियों व कॉर्निया में होने वाले रोगों के बारे में भी बताया गया।

## चेक बाउंस मामले में सुनाई एक साल की सजा

चमोली : चेक बाउंस के मामले में शनिवार को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कर्णप्रयाग की अदालत ने एक व्यक्ति को एक साल की सजा और 2 लाख 60 हजार रूपये के जुर्मानें से दंडित किया।

जुर्माने में से ढाई लाख रूपये परिवादी को देने के आदेश दिए हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता आरसी पुजारी ने बताया कि कर्णप्रयाग के कांति प्रसाद पुजारी ने वर्ष 2023 में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में एक परिवाद दायर किया कि मझखोला गांव के शंकर सिंह ने अपनी निजी आवश्यकता के लिए उनसे ढाई लाख रूपये दोस्ताना ऋण लेकर एक माह में वापस करने का भरोसा दिया, लेकिन फिर आरोपी ने पैसा नहीं लौटाया। उसके बाद आरोपी ने परिवादी को ढाई लाख रूपये का चैक दिया। जब परिवादी ने यह चैक एसबीआई कर्णप्रयाग में जमा किया तो बैंक ने पर्याप्त धनराशि न होने के कारण चैक को वापस कर दिया। इस पर परिवादी कांति प्रसाद पुजारी ने अदालत में परिवाद दायर किया।

# पशुओं को आवारा छोड़ने पर काटे 9 पशु स्वामियों के चालान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिला पुलिस ने बाजारों/सड़कों पर पशुओं को छोड़ने वाले पशु स्वामियों के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है। पुलिस ने बाजार/सड़कों पर पशुओं को छोड़ने वाले 9 पशु स्वामियों के विरूद्ध उत्तराखण्ड गोवंश संरक्षण अधिनियम-2015 के तहत कार्यवाही की गई है।

बता दें कि पुलिस ने पूर्व में लोगों से पशुओं को बाजार/सड़कों न छोड़ने की अपील की थी। एसएसपी लाकेश्वर सिंह ने बताया कि जनपद में बाजारों/सड़कों पर आवारा घूमने वाले पशुओं के कारण अक्सर यातायात अवरुद्ध होने एवं इन पशुओं के कारण सड़क दुर्घटनायें घटित होने होती रहती है। उन्होंने कहा कि आवारा घूमने वाले पशुओं पर नियंत्रण लगाये जाने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को पशुओं को बाजारों/सड़कों पर आवारा छोड़ने वाले पशु स्वामियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। बताया कि गत शुक्रवार को अभियान चलाकर पशुओं को सड़कों में आवारा छोड़ने पर थाना श्रीनगर, थाना लक्ष्मणझूला, थाना सतपुली ने दो-दो, थाना पौड़ी, थाना देवप्रयाग एवं लैंसडौन पुलिस ने एक-एक सहित 09 पशु स्वामियों के विरुद्ध उत्तराखण्ड गोवंश संरक्षण अधिनियम-2015 के तहत एक-एक हजार रूपये की चालानी कार्यवाही की गयी। एसएसपी ने बातया कि पशुओं को बाजारों/सड़कों में आवारा छोड़ने वाले पशु स्वामियों के विरूद्ध कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।



पुलिस कर्मी पशु स्वामी का चालान काटते हुए।

## 450 परिवारों का ख्याल रखेंगे 150 एमबीबीएस छात्र

ऋषिकेश। स्वामी राम हिमालयन यूनिवर्सिटी के एमबीबीएस के छात्र मारखम ग्रांट ग्राम पंचायत के परिवारों के स्वास्थ्य का जिम्मा उठाएंगे। यहां अगले तीन सालों तक 150 एमबीबीएस छात्र 450 घरों के स्वास्थ्य की मानिटरिंग करेंगे। जौलीग्रांट स्थित एसआरएचयू के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एके श्रीवास्तव अपनी टीम के साथ शनिवार को बुल्लावाला पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा की और कहा कि मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस का एक छात्र गांव के तीन परिवारों के सदस्यों के स्वास्थ्य की देखभाल करेगा और यह अगले 3 सालों तक चलेगा।

# लोकगीत में दीप्ति, लोकनृत्य में प्रियंका ने मारी बाजी



युवा महोत्सव में प्रस्तुति देते हुए महिला मंगल दल की सदस्य।

**जयन्त प्रतिनिधि। थलीसैंण** : विकासखंड स्तरीय युवा महोत्सव 2024 का पाबौ में आयोजन किया गया। महोत्सव में 28 महिला मंगल दलों ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। लोकगीत एकल में प्रथम दीप्ति ग्राम पटालखाली, द्वितीय प्रियंका ग्राम विशल्ड, तृतीय अनीता देवी ग्राम निसणी, लोकनृत्य एकल में प्रियंका ग्राम विशल्ड, द्वितीय स्थान उर्मिला ग्राम खन्डूल्री तृतीय स्थान रिया ग्राम सिमखेत ने प्राप्त किया।महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख श्रीमती रजनी रावत ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

लोकगीत समूह में प्रथम स्थान ग्राम पाटलखाली, द्वितीय ग्राम सभा छानी, तृतीय स्थान पर ग्राम ढिकवाली ने प्राप्त किया। लोकनृत्य समूह में प्रथम ग्राम छानी, द्वितीय पाबौ, तृतीय स्थान पर ग्राम कोटली, एकाकी नाटक में प्रथम पाबौ, द्वितीय ग्राम टिवताली, तृतीय स्थान पर ग्राम सैंजी रहा। सभी प्रतिभागियों को खंड विकास अधिकारी ने पुरस्कृत किया। क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी भगवान सिंह गुसाईं ने युवा महोत्सव में आये सभी महिला मंगल दलों, जन प्रतिनिधियों एवं निर्णायक मंडली का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कविन्द्र सिंह नेगी, हरेन्द्र कोहली, पूनम मिश्रा, भारती, आर्दश कोहली, ग्राम प्रधान चौपडियूं विशन, डीपीओ संजीव काला, प्रदीप नेगी, जयपाल नेगी, संजय नेगी आदि मौजूद थे। मंच का संचालन राकेश कठैथ ने किया।

# कलश यात्रा के साथ गणपति महोत्सव शुरू



कलश यात्रा निकालते हुए महिलाएं।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

लैंसडौन : छावनी नगर लैंसडौन में पांच दिवसीय सिद्धि विनायक गणपति महोत्सव का आगाज शनिवार को कलश यात्रा के साथ हुआ। महोत्सव 12 सितंबर तक चलेगा। गणपति महोत्सव का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा शहर के गांधी चौक सदर बाजार होते हुए धर्मशाला स्थित पूजा स्थल पहुंची। यहां विधि विधान से गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई। इस मौके पर सिद्धि विनायक गणपति महोत्सव समिति के राजेश्वर गुप्ता, विपुल अग्रवाल, अनूप कनौजिया, अभ्यु दय परिवार के सदस्य, नगर के व्यापारी आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### बदरी-केदार में धूमधाम से मनाई गई गणेश चतुर्थी

चमोली : श्री बदरीनाथ तथा केदारनाथ धाम में शनिवार को विघ्नहर्ता श्री गणेश की जन्म जयंती गणेश चतुर्थी का पर्व बीकेटीसी द्वारा धूमधाम और उल्लासपूर्वक मनाया गया है। श्री बदरीनाथ धाम में पंडा पंचायत द्वारा भी गणेश की पूजा-अर्चना के पश्चात स्थापना की गई। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि आज गणेश चतुर्थी के अवसर पर बदरीनाथ मंदिर परिसर में स्थित श्री गणेश मंदिर में पूजा अर्चना की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में तीर्थयात्री भी मौजूद रहे। रावल अमरनाथ नंबूदरी तथा धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल, वेदपाठी रविंद्र भट्ट, अमित बंदोलिया ने पूजा-अर्चना संपन्न की। इस अवसर पर मंदिर प्रभार देख रहे प्रशासनिक अधिकारी विवेक थपलियाल, अवर अभियंता गिरीश रावत, राजेंद्र सेमवाल, भूपेंद्र रावत, संतोष तिवारी, संजय तिवारी अजय सती, अनुसूया नौटियाल, योगंबर नेगी, कुलानंद पंत, हरेंद्र कोठारी, विकास सनवाल, हरीश जोशी आदि मौजूद रहे। उधर, श्री केदारनाथ धाम में मंदिर के द्वार पर स्थित श्री गणेश जी की पूजा-अर्चना की गई। उसके पश्चात श्री केदारनाथ मंदिर परिसर में श्री गणेश भगवान की शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें तीर्थयात्रियों और तीर्थ पुरोहित शामिल हुए। इस अवसर पर पुजारी शिवशंकर लिंग, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी यदुवीर पुष्पवान, वेदपाठी स्वयंबर सेमवाल, आशाराम नौटियाल, पंथेर पुजारी प्रकाश जमलोकी, कमल किशोर जमलोकी सहित प्रबंधक अरविंद शुक्ला, पारेश्वर त्रिवेदी, कुलदीप धर्म्वाण, महावीर तिवारी, आनंद तिवारी, संजय तिवारी, उम्मेद सिंह नेगी, विक्रम रावत, देवेन्द्र पटवाल, अखिलेश शुक्ला ललित त्रिवेदी, दफेदार नीरज शुक्ला, जगमोहन पंवार आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### भ्रमण के लिए गर्भगृह से बाहर आई राजराजेश्वरी चंडिका देवी

चमोली : चमोली जिले के सिमली स्थित राजराजेश्वरी चंडिका देवी की बन्याथ यात्रा शनिवार से शुरू हो गई है। यात्रा के लिए देवी को दोपहर में वेदमंत्रों के साथ गर्भगृह से मंदिर प्रांगण में लाया गया। चार दिनों तक श्रृद्धालु यहीं पर देवी के पुण्य दर्शन कर सकेंगे। मंगलवार रात को ब्रह्म बंधन होगा और ब्रह्म के शिखर पर भगवान शिव विराजेंगे। फिर 11 सितंबर को देवी अपने पहले पड़ाव रतूड़ा गांव के लिए रवाना होगी। इस बार चंडिका देवी की 14 साल बाद बन्याथ यात्रा हो रही है। शनिवार को बसक्वाली गांव से लाटू देवता चंडिका देवी मंदिर में पहुंचे। उसके बाद दोपहर 12.30 बजे देवी अपने गर्भगृह से बाहर आई। इस दौरान मंदिर में पहुंचे सिमली, सेनू, सुंदरगांव, जाख, कोली, पुडियाणी, गैरोली सहित कर्णप्रयाग, नौटी, आदिबदरी, गैरसैंण व पिंडरघाटी क्षेत्र के 10 हजार से अधिक लोगों ने पुष्प वर्षा कर जयकारे लगाए। मंदिर में ढोल दमाऊं की थाप पर देवताओं ने अवतरित होकर भक्तों को धनधान्य का आशीर्वाद दिया। महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली और मंगलगान गाए। चार दिनों तक मंदिर में महाविद्या पाठ व दुर्गा शप्तशती पाठ एवं ब्रह्मबंधन आदि धार्मिक प्रक्रियाएं संपन्न होगी। उसके बाद देवी 10 माह के भ्रमण के लिए मंदिर परिसर से रवाना होंगी। (एजेंसी)

### 9 से 15 सितंबर तक बंद रहेगी रोपवे सेवा

नई टिहरी : प्रसिद्ध पर्यटक स्थल सुरकंडा देवी के लिए संचालित सुरकंडा रोपवे सेवा 9 से 15 सितंबर तक पूरी तरह से बंद रहेगी। इस दौरान रोपवे का वार्षिक रूटीन चेकअप किया जाएगा। जिला पर्यटन अधिकारी एसएस राणा ने बताया कि रोपवे कंपनी के प्रबंधक सीबी सिंह, समन्वयक नरेश बिजल्वाण ने सूचना दी है कि प्रत्येक वर्ष क्षमता निर्धारण, उपकरण और मशीनरी सहित अन्य तकनीकी फिटनेस के लिए रोपवे का मासिक और वार्षिक रूटीन चेकअप किया जाता है। ऐसे में 9 से 15 सितंबर तक रोपवे सेवा पूरी तरह स्थगित रहेगी। इस दौरान श्रद्धालुओं और पर्यटकों को करीब डेढ़ किमी खड़ी चढ़ाई से मंदिर तक पहुंचना होगा। 16 सितंबर से सेवा बहाल की जाएगी। (एजेंसी)

### मूर्ति स्थापना के साथ गणेश महोत्सव का शुभारंभ

नई टिहरी : देवप्रयाग में शनिवार को प्राचीन रघुनाथ मंदिर में मूर्ति स्थापना के साथ तीन दिवसीय गणेश महोत्सव की शुरुआत हुईं। श्रद्धालुओं ने श्री गणेश भगवान की पूजा-अर्चना कर भजन-कीर्तन किए। श्री गंगा रघुनाथ सेवा समिति की ओर से आयोजित गणेश महोत्सव में भगवान गणेश की मूर्ति का विधिवत पूजन हुआ। मन्दिर परिसर स्थित प्राचीन पत्थर की छतरी में भगवान गणेश को भव्य आसन पर विराजमान किया गया।

# अफसर आधारभूत सुविधाओं को बढ़ाने के लिए आपसी समन्वय से कार्य करें : डीएम

### डीएम ने क्षेत्रीय प्रबंधक सिडकुल को कारण बताओ नोटिस किया जारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**



पौड़ी : जिला उद्योग मित्र की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र सिडकुल में वेस्ट मैनेजमेंट की व्यवस्था को लेकर नगर आयुक्त कोटद्वार को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये हैं। कहा कि आधारभूत सुविधाओं को बढ़ाने के लिए उद्योग विभाग, बैंकर्स, उद्योग एसोसिएशन व अन्य संबंधित अधिकारी समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करें। औद्यौगिक क्षेत्र सिडकुल में चहारदिवारी का कार्य शुरू नहीं होने पर जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय प्रबंधक सिडकुल को कारण बताओ नोटिस जारी किया। आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने लीड बैंक अधिकारी को ग्रोथ सेंटर सिगड्डी में एटीएम को सुचारू करने के लिए इंटरनेट से संबंधित कनैक्टिवीटी कार्य तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं। वहीं ग्रोथ सेंटर में सार्वजनिक शौचालय व कैंटीन का कार्य शुरू नहीं होने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को कार्य प्रारंभ करने को कहा। उन्होंने औद्योगिक संघ सिडकुल को इंडस्ट्री वेब पोर्टल हेतु समस्त इकाईयों से डाटा प्राप्त कर जल्द वेब पोर्टल बनाने को कहा। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि ग्रोथ सेंटर सिगड्डी की फूड मैन्युफैक्चरिंग यूनिटों हेतु फूड सेफ्टी एण्ड सर्टिफिकेशन ट्रेनिंग करने वाले उद्यमियों की सूची उपलब्ध कराएं। डीएम ने ग्रोथ सेंटर सिगड्डी कोटद्वार में सड़क मरम्मत, फुटपाथ की सफाई व मरम्मत, स्ट्रीट लाइट, जंगली जानवरों से सुरक्षित हेतु चहारदिवारी कार्यों को तत्काल पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। इस दौरान जिलाधिकारी ने उद्यमों की विभिन्न मांगो व समस्याओं को लेकर महाप्रबंधक उद्योग को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये। बैठक में बताया कि विशेष एकीकृत औद्योगिक प्रोत्साहन नीति 2008 के अंतर्गत समय पर प्राप्त दावों की स्वीकृतियों के सापेक्ष ब्याज उत्पादन 2 करोड़ 60 लाख 857 (03 इकाइयों को), विद्युत प्रतिपूर्ति सहायता 29 करोड़ 99 लाख 053 (05 इकाइयों को) व माल एवं सेवा कर उपादान 5 करोड़ 87 लाख 714 (01 इकाई) की धनराशि वितरित की गई है। बैठक में पीडी डीआरडीए विवेक कुमार उपाध्याय, महाप्रबंधक उद्योग सोमनाथ गर्ग, मुख्य कृषि अधिकारी वीके सिंह यादव, सिड़कुल मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन अध्यक्ष सुनील गुप्ता, क्षेत्रीय प्रबंधक सिडकुल गणपति सिंह रावत, मुख्य प्रबंधक अग्रणी बैंक प्रताप सिंह राणा, जिला उद्यान अधिकारी राजेश तिवारी, जिला पर्यटन विकास अधिकारी खुशाल सिंह नेगी, एआरटीओ एन के ओझा उपस्थित थे।

## 10 सितंबर को जिले में 123024 बच्चों को खिलाई जाएगी एल्बेंडाजोल की दवाई

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान में जनपद में 10 सितम्बर 2024 को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर 2355 स्कूल 1856 आंगनबाड़ी व 301 व्यावसारिक शिक्षण संस्थानों में 01 से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों को कृमि नाशक दवायी एल्बेएण्डाजॉल खिलायी जायेगी। विद्यालय और आगंनबाड़ी केन्द्रों में दवा खाने से छूट गये बच्चों को 18 व 19 सितम्बर को मॉप अप डे दिवस पर दवा खिलायी जायेगी। सीएमओ डॉ0 प्रवीण कुमार ने बताया कि एल्बेंडाजॉल की दवाई पूर्ण रुप से सुरक्षित है एवं प्रतिवर्ष विभाग की ओर से बच्चों को यह दवाई खिलायी जा रही है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील करते हुये कहा कि बच्चों को लेकर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें एवं अपने बच्चों को स्वस्थ एवं कृमि से मुक्त रखने हेतु एल्बेंडाजॉल की दवाई अवश्य खिलायें।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. प्रवीण कुमार ने बताया गया कि जनपद में कुल 123024 बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवायी खिलायी जानी है। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु विकासखण्ड स्तर पर दवा वितरण के साथ ही सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि साफ-सफाई के अभाव में कृमि बच्चों के शरीर में प्रवेश कर जाते है, जिस कारण बच्चों में विभिन्न तरह की बीमारियां उत्पन्न होने लगती है, जिससे बच्चों के शरीर में खून की कमी, कुपोषण और उनकी वृद्धि व विकास में रुकावट आ जाती है, जिससे बच्चों की सेहत शिक्षा और कार्य क्षमता पर हानिकारक प्रभाव पड़ सकता है, उनमें थकावट, चिडचिड़ापन चेहरे पर सफेद दाग जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। जिस कारण बच्चों में पढ़ाई के प्रति उदासीनता एवं लापरवाही देखने को मिलती है, इसलिए बच्चों के पेट में उत्पन्न होने वाले कृमि को मारना आवश्यक है।

## चमोली के नवनियुक्त डीएम संदीप तिवारी ने संभाला पदभार



**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : चमोली में नवनियुक्त जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने शनिवार को कार्यालय पहुंचकर विधिवत रूप से अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है।नवनियुक्त जिलाधिकारी के पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इसके बाद जिलाधिकारी ने जिला कोषागार का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी संदीप तिवारी 2017 यूके बैच के आईएएस अधिकारी है। इससे पूर्व वे कुमाऊं मंडल विकास निगम (केएमवीएन) के प्रबंधक निदेशक और नैनीताल जिले में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) पद पर कार्यरत रहे।

### डिजिटल मार्केटिंग में एआई ने क्रांतिकारी परिवर्तन किए: प्रो. एनके जोशी

ऋषिकेश। श्रीदेव सुमन विवि परिसर ऋषिकेश में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित डिजिटल मार्केटिंग विषय पर शनिवार को कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें वक्ताओं ने इस युग में डिजिटल मार्केटिंग के लिए एआई की महत्ता और उससे प्राप्त होने वाले करिअर से संबंधित जानकारियां दीं। आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ कुलपति प्रो. एनके जोशी ने किया। उन्होंने कहा कि डिजिटल मार्केटिंग मौजूदा समय में व्यवसाय का अभिन्न अंग बन चुका है। इस क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग क्रांतिकारी साबित हो रहा है। एआई ने डिजिटल मार्केटिंग के परंपरागत तरीकों को बदलकर एक नई दिशा दी है, जिससे रोजगार के नये अवसर पैदा हो रहे हैं। एआई और डिजिटल मार्केटिंग का संयोजन केवल वर्तमान की जरूरत नहीं है, बल्कि भविष्य की दिशा भी तय कर रहा है।

## चमोली में संचालित आउटलेट काश्तकारों को उपलब्ध करा रहे बेहतर बाजार

**जयन्त प्रतिनिधि।**




चमोली : चमोली जिले में काश्तकारों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने की मंशा से कृषि व उद्यान विभाग की ओर से परम्परागत कृषि विकास योजना के तहत कृषि एवं कृषक कल्याण (3के) आउटलेट का संचालन शुरु किया है। जिनके माध्यम से पहाड़ी क्षेत्र में उत्पादित होने वाले कृषि और उद्यान के उत्पादों को बेहतर बाजार देने का कार्य किया जा रहा है। विभागों की ओर से शुरु की गई मुहीम की काश्तकार भी सराहना कर रहे हैं।

पहाड़ी क्षेत्रों के जैविक उत्पादों की बाजार में अच्छी मांग रहती है। लेकिन वर्तमान तक इन उत्पादों को बाजारों तक पहुंचाने के लिये काश्तकारों को खासी मशक्कत करनी पड़ती थी। वहीं बाजारों की मांग के अनुरुप पैकेजिंग की व्यवस्था न होने से भी उत्पादों का विपणन चुनौती बना हुआ था। जिसे देखते हुए राज्य सरकार की पहल पर चमोली में कृषि व उद्यान विभाग की ओर से 3 के आउटलेट का संचालन शुरु किया गया है। जिनके माध्यम से पहाड़ी क्षेत्रों में पैदा होने वाला मंडुवा, दालें, फल, सब्जी, स्थानीय मसालों के साथ ही दालों से बनने वाले अन्य उत्पाद और जूस जैसे उत्पादों का विपणन किया जा रहा है। उद्यान विभाग के सहायक विकास अधिकारी रघुवीर सिंह राणा ने बताया कि परंपरागत कृषि विकास योजना के तहत उद्यान विभाग की ओर से जिले के ग्वाड़, मैठाणा और जोशीमठ में तीन 3 के आउटलेट का संचालन शुरु कर दिया है। जिनके माध्यम से कलस्टर के गांवों में पैदा होने वाली कृषि व उद्यान की पैदावार और उनसे बनने वाले उत्पादों का विपणन किया जा रहा है। दूसरी ओर कृषि विभाग की ओर से मंडल और सोनला में आउटलेट का संचालन शुरु कियाग गया है। साथ ही रौली-ग्वाड़, गोपेश्वर, पठियालधार, हाट, कुजौं मैकोट सहित 23 स्थानों पर आउटलेट स्थापित करने की कार्रवाई गतिमान है। ग्वाड़ गांव में 3 के आउलेट का संचालन कर रहे तेजेंद्र सिंह बिष्ट का कहना है कि राज्य सरकार की ओर से संचालित योजना के माध्यम जहां ग्रामीणों को अपनी पैदावार को बाजार तक पहुंचाना सुगम हो गया है। वहीं आउटलेट के संचालन से स्थानीय युवाओं को भी रोजगार उपलब्ध हो रहा है। ईराणी गांव निवासी मोहन नेगी का कहना है कि कृषि एवं कृषक कल्याण आउलेट चमोली जनपद के कृषि और बागवानी के उत्पादों के विपणन का बेहतर माध्मय बन रहा है। इनके संचालन से जहां ग्रामीण सुगमता से अपनी फसलों और उत्पादों का विपणन कर सकेंगे।

## डीएम हिमांशु खुराना को स्थानांतरण होने दी गई भावपूर्ण विदाई



**जयन्त प्रतिनिधि। चमोली :** जिलाधिकारी हिमांशु खुराना का शासन में मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीएमजीएसवाई और सचिव सेवा का अधिकार आयोग के पद पर स्थानांतरण होने के बाद शनिवार को जिला कार्यालय में राजस्व विभाग सहित तमाम जिला स्तरीय अधिकारियों एवं कार्मिकों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने सीमांत जनपद चमोली में 03 साल, 01 माह, 07 दिनों के लंबे समय तक अपनी बहुमूल्य सेवाएं दी।

विदाई समारोह में मौजूद अधिकारियों ने जिलाधिकारी के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें एक कुशल प्रशासक और सीमांत जनपद चमोली में उनके कार्यकाल को स्वर्णिम बताया।

अधिकारियों ने कहा कि जिलाधिकारी के मार्ग निर्देशन में सीमांत जनपद में अनेक नवचारी विकास कार्यों को धरातल पर उतारने में सफलता मिली है। स्वास्थ्य एवं शिक्षा सहित अनेक क्षेत्रों में भी उल्लेखनीय कार्य हुए। अधिकारियों ने कहा कि जिलाधिकारी की कार्यशैली हम सबके लिए प्रेरणादायक है। इस दौरान सभी अधिकारियों ने उन्हें नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दी। विदाई समारोह में जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने अपने सेवाकाल में अधीनस्थ अधिकारियों एवं कार्मिकों से मिले सहयोग और आम जनता के प्यार को सराहा और सभी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि कार्यकाल के दौरान जिस तरह सभी का सहयोग मिला, वह हमेशा याद रहेगा। इस दौरान अपने सेवाकाल के अनुभवों को साझा करते हुए जिलाधिकारी ने पूरी टीम को अपनी शुभकामनाएं दी।

### आधुनिक युग में व्यक्तित्व विकास सफलता का मूल मंत्र

चमोली : राजकीय महाविद्यालय तलवाडी में छह दिवसीय रोजगार परक कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शनिवार को समापन्न हो गया है। इस दौरान सर्वोत्तम प्रशिक्षुओं को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. योगेंद्र चंद्र सिंह ने सम्मानित किया। उन्होंने प्रशिशुओं को अपने जीवन एवं करियर में प्रगति हेतु इस प्रशिक्षणशाला में सीखे गए गुर अपनाने की सलाह देते हुए कहा कि आधुनिक युग में व्यक्तित्व विकास सफलता का मूल मंत्र है। समन्वयक डॉ. शंकर राम ने सभी प्रशिक्षुओं को भविष्यगत चुनौतियों हेतु कमर कस अपनी भाषायी क्षमता, आत्मविश्वास एवं विभिन्न कौशल संवर्धन पर बल दिया। उत्कृष्ट प्रतिभागी के रूप में भागीरथी, सीमा एवं दिव्या को पुरस्कृत किया गया। मंच संचालन डॉ. ललित जोशी एवं ट्रेनर प्रभात दिवाकर द्वारा किया गया।

## महिलाओं को स्वरोजगार के लिए किया प्रेरित

रुद्रप्रयाग : अगस्त्यमुनि विकासखंड के तुंगेश्वर महादेव आजीविका स्वायत सहकारिता मलाउ चोपता में ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को आजीविका और स्वयं सहायता से जुड़कर स्थानीन उत्पादों को बढ़ावा देने को कहा गया। तल्लानागपुर क्षेत्र के मलाउ गांव में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना व स्वयंसेवी संस्थाओं से सभी महिलाओं को जुड़ना चहिये, ताकि सभी महिलाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हो सके। आजीविका विकास के लिए सरकार भी अपन स्तर पर हर संभव प्रयास कर रही है। एसबीआई चोपता के शाखा प्रबंधक देवेंद्र चौधरी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए सरकार ग्राम विकास विभाग के जरिए ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को स्वयं सहायता समूह के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने में सहायता करती है। आजीविका स्वायत सहकारिता चोपता की अध्यक्ष दुर्गा करासी ने बताया कि इस क्षेत्र से पन्द्रह गावों की महिलाओं को इस समूह से जोड़ा गया है। पिछले वर्ष केदारनाथ मंदिर के लिए पांच हजार चौलाई के लड्डू के पैकेट भेजे गए थे। साथ ही महिलाएं जूट के बैग और मंडुवा समेत अन्य स्थानीय उत्पादों के उद्यम पर भी कार्य करती है। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुमन जमलोकी, जिला पंचायत सदस्य चोपता वार्ड सुनीता बर्त्वाल, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष व जिपंस सविता भंडारी, जिपंस शीला रावत, सतेराखाल चोपता मंडल अध्यक्ष त्रिलोचन प्रसाद भट्ट समेत भारी संख्या में लोग मौजूद थे। (एजेंसी)

## धूमधाम से शुरू हुआ गणेश महोत्सव

ऋषिकेश। तीर्थनगरी ऋषिकेश में गणेश चतुर्थी धूमधाम से मनाई जा रही है। ऋषिकेश नगर निगम परिसर में शनिवार को गणेश पूजा कर गणेश महोत्सव की शुरूआत हुई। पंजाब और पटना से आए कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुतियों से समां बांधा। शनिवार को नगर निगम परिसर में श्री गणपति सेवा मंडल ऋषिकेश द्वारा गणेश चतुर्थी पर्व पर तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, श्री भरत मंदिर के महंत वत्सल प्रपन्नाचार्य,भाजपा जिलाध्यक्ष रविन्द्र राणा, निवर्तमान मेयर अनीता ममगाईं ने पूजा अर्चना कर किया। सांसद नरेश बंसल ने कहा कि भगवान गणेश विघ्न हर्ता हैं। इनकी पूजा से समृद्धि आती है और सभी प्रकार के कष्टों को भगवान गणेश हर लेते हैं। पंजाब से आए मनी शर्मा और पटना से आई डिंपल भूमि ने घर में पधारों गजानन जी.., मेरे लाडले गणेश प्यारे प्यार.., गौरी नंदन थारो अभिनंदन.., सुबह सवेरे लेके तेरा नाम प्रभु.., आदि भजनों की प्रस्तुतियां दी। मौके पर दीप शर्मा,आलोक चावला, विवेक तिवारी, राजेश मनचंदा, कुणाल शर्मा, सुधीर कालरा, प्रिंस मनचंदा, गौरव चावला, प्रिंसी सक्सेना, आर्यन शर्मा, पवन नागपाल, राहुल गुप्ता, विकास, रमेश मुद्गल, ऋषभ नागपाल, अजय कटारिया, योगेश कालरा, राघव भट्नागर आदि उपस्थित रहे।

उधर, एम्स आवासीय परिसर में भी गणेश चतुर्थी पर गणेश पूजन किया गया।ऋषिकेश स्टूडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने गणेश चतुर्थी पर उत्सव आयोजित किया। स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष शिवांशु सिंह ने पूरे आयोजन में अपना सहयोग दिया, जिसमें एमबीबीएस 2022 बैच के छात्रों ने प्रमुख भूमिका निभाई। पूजन में एम्स निदेशक प्रोफेसर मीनू सिंह, उप निदेशक कर्नल अमित पारासर,प्रोफेसर भानू दुग्गल,प्रोफसर प्रसुना वासू, नर्मता गौड, दिनेश माला, लक्ष्मी मल्होत्रा,वर्तिका सक्सेना,सांस्कृतिक सचिव प्रभात गौतम,ऋषिकेश चौहान,सुप्रतिक चट्टपाध्याय, जयेश सावरकर, अर्थव राठी, सिद्धांत गोयल, चरिष्मा, अश्वनी जागिड आदि उपस्थित थे।

### खुले में कूड़ा डालने से हो रही परेशानी

नई टिहरी : चंबा नगर पालिका क्षेत्र में पुरानी टिहरी मार्ग पर खुले स्थान पर कूड़ा रखने से हो रही पेरशानी के संबंध में निवर्तमान सभासद शक्ति जोशी ने अधिशासी अधिकारी को पत्र सौंपा। कहा कि यहां पर कूड़ा डालने से नगरवासियों और स्कूली छात्र-छात्राओं को परेशानी उठानी पड़ रही है। इस स्थान पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। कूड़े की बदबू से पूरा क्षेत्र दूषित हो रहा है।

इससे चारधाम यात्रा के मुख्य पड़ाव चंबा नगर की भी छवि धूमिल हो रही है। अच्छा होता कि पालिका कूड़ा निस्तारण के लिए बने ट्रंचिंग ग्राउंड को दुरुस्त कर वहां कूड़ा निस्तारित करती।

## अंडर-17 में राइंकॉ नागणी की कुसुम ने 100, 200 और 400 मी. दौड़ में मारी बाजी

नई टिहरी : चंबा ब्लॉक के शरदकालीन क्रीड़ा प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाते हुए शानदार प्रदर्शन किया। अंडर-17 बालिका वर्ग की 100, 200 और 400 मीटर रेस में जीआईसी नागणी के कुसुम ने पहला स्थान हासिल किया। जबकि बालक वर्ग में बगासूधार के कार्तिक सुयाल ने बाजी मारी। शनिवार को बादशाहीथौल के बंगाचली में आयोजित तीन दिवसीय शरदकालीन क्रीड़ा प्रतियोगिता का बीईओ नरेश कुमार हल्दियान और जीआईसी रानीचौरी के प्रधानाचार्य केएस रावत ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। एथटेक्टिस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने खूब दमखम दिखाया। अंडर-17 बालक वर्ग की लंबी, ऊंची कूद में बगासूधार के कार्तिक सुयाल ने बाजी मारी। जबकि गोला फेंक, चक्का फेंक और लंबी कूद की बालिका वर्ग की प्रतियोगिता में नरेंद्र महिला विद्यालय की दिया चैंपियन बनी। अंडर-14 बालिका वर्ग की 100 मीटर रेस में संदीप, सूरज और युवराज क्रमशः अव्वल रहे। अंडर-19 बालक वर्ग की 100 मीटर रेस में त्रिदेव, शिवांशु और अभिषेक पहले, दूसरे और तीसरे नंबर पर रहे। अंडर-17 बालिका वर्ग 100 मीटर रेस में कुसुम प्रथम, काजल द्वितीय और अंशिका तृतीय रही। 3000 हजार मीटर बालक वर्ग में अंशुल प्रथम, गौरव द्वितीय और प्रियांशु तृतीय रहे। अंडर-17 बालिका गोला फेंक में सपना पहले, राधिका दूसरे और प्रियंका तीसरे स्थान पर रही। इसी स्पर्धा की अंडर-19 बालिका में दीपिका प्रथम, सानिया द्वितीय और अर्चना तृतीय रही। चक्का फेंक में दीपका प्रथम, अर्चना द्वितीय और ज्योति तृतीय रही। अंडर-17 चक्का फेंक बालिका वर्ग में सोनम, सुहानी, साक्षी, अंडर-17 बालक वर्ग लंबी कूद में कार्तिक, ओजस और दिव्यांशु, अंडर-19 बालक वर्ग लंबी कूद में आशीष, अनिल और रमन क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय रहे।

## शहर में सफाई एवं सुगम व्यवस्था को लेकर डीएम गंभीर

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बंसल ने देर रात्रि में नगर निगम के कंट्रोलरूम का औचक निरीक्षण किया। इसके उपरान्त उन्होंने उपस्थित अधिकारियों के साथ नगर निगम क्षेत्र में कूड़ा निस्तारण एवं पार्किंग व्यवस्था, नगर निगम से सम्बन्धित अन्य समस्याओं की समीक्षा बैठक करते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कूड़ा निस्तारण की समस्या को ठोस कार्ययोजना के तहत् सम्पादित करने हेतु कन्ट्रोलरूम स्थापित करते हुए नम्बर जारी किये। नगर निगम से संबंधित शिकायत के लिए लैंडलाइन नंबर 0135 2652571, मोबाइल नंबर 9084677355, 9259412340 पर संपर्क किया जा सकता है, सभी शिकायतें होंगी कम्प्यूट्रीकृत। प्राप्त शिकायतों का जिलाधिकारी एवं मुख्य नगर आयुक्त करेंगे मानिटिरिंग। नगर निगम परिसर में खाली भूमि पर आटोमैटिक/मैकेनाईज पार्किंग की कवायद शुरू करने के दिए दिशा निर्देश। साथ ही कूड़ा निस्तारण हेतु अनुबन्धित संस्थाए को की कार्य प्रगति न पाए जाने अनुबन्ध निरस्त करने की होगी कार्यवाही।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए मानसून हेतु स्थापित कंट्रोलरूम को नगर निगम से विभिन्न शिकायतों हेतु निरंतर संचालित करने के निर्देश दिए, कंट्रोल रूम पर सफाई व्यवस्था, कूड़ा निस्तारण, स्ट्रीट लाइट, नगर निगम से संबंधित शिकायतें की जा सकेंगी।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट, फागिंग, लार्वी साइडिल का छिड़काव, गार्वेज वनेरेबल प्वाइंट पर कूड़ा उठान की स्थिति आदि के संबंध में प्रातः 06 बजे अथवा रात्रि 10 बजे से आवंटित क्षेत्रों का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। इस हेतु उप नगर आयुक्त एवं सहायक नगर आयुक्त सहित कुल 08 अधिकारियों की पेट्रोलिंग टीम बनाई गई है।

जिलाधिकारी ने कूड़ा उठान हेतु अनुबन्धित ऐजेंसी को 45 दिन की मोहलत देते हुए निर्देश दिए कि रूटवार एवं डोर–टू–डोर कूड़ा उठान कवरेज व्यवस्था में सुधार किया जाए। प्रत्येक 15 दिन में इसकी समीक्षा की जाएगी। इस कार्य में लापरवाही बरतने वाली तथा कार्य प्रणाली में सुधार न लाने वाली कम्पनियों के विरूद्ध लाईसेंस निरस्तीरकण की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। वर्तमान में तीन ऐजेंसी इकोनवेस्ट मैनजमेंट, वाटरग्रेस, सनराइज कूड़ा उठान का कार्य कर रही हैं। जिलाधिकारी ने नगर निगम के ऐप का प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए, ताकि जनमानस अपनी शिकायत ऐप के माध्यम से भी कर सकें।

जिलाधिकारी ने शहर पार्किंग की समस्या एवं सुव्यवस्था स्थापित किये जाने हेतु नगर निगम परिसर में मल्टी लेवल ओटोमैटिक/ मैकेनाईज पार्किंग बनाए जाने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही शहर में मल्टी लेवल ओटोमैटिक/ मैकेनाईज पार्किंग हेतु 15 स्थान चिन्हित किए गए हैं जिन पर भी शीघ्र कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में मुख्य नगर आयुक्त नगर निगम गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त नगर निगम बीर सिंह बुदयाल, उप नगर आयुक्त गोपाल राम बिनवाल, मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 अविनाश खन्ना सहित सहायक नगर आयुक्त सहित नगर निगम के संबंधित अधिकारी कार्मिक उपस्थित रहे।

### पुरानी पेंशन बहाल नहीं हुई तो संसद का घेराव करेंगे

देहरादून। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा उत्तराखंड ने शनिवार को डीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा। मोर्चा ने केंद्र सरकार से जल्द ही पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग की है। चेतावनी दी यदि जल्द उनकी एक सूत्रीय मांग नहीं मानी जाती है तो दिल्ली में संसद घेराव की तैयारी की जाएगी। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि कर्मचारी लंबे समय से पुरानी पेंशन बहाली को लेकर आंदोलनरत है। मोर्चे के प्रदेश प्रभारी विक्रम सिंह रावत ने कहा कि सरकार सांसद और विधायकों को पेंशन दे रही है और कर्मचारियों की पेंशन बंद कर दी है। जो कि भारतीय संविधान के समानता के अधिकार का उल्लंघन है। सह संयोजक जसपाल सिंह गुसाईं ने कहा कि मोर्चा पिछले दस सालों से पुरानी पेंशन बहाली को लेकर संघर्षरत है। कई बार धरना–प्रदर्शन भी किए गए, बावजूद कर्मचारियों को गुमराह करने का काम किया जा रहा है। इस मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष बबीता रानी, राजेश प्रसाद, संदीप जोशी, आशाराम पुरी, संतन सिंह रावत, अभिषेक नवानी, त्रिलोक प्रसाद, अमित ममगाईं, सुमित कुमार, हुकम सिंह, मातवर लाल, रामचरण, आरती, रजनी, विनीता नौटियाल आदि मौजूद रहे।

### चोरगलिया में मनाया साक्षरता दिवस

हल्द्वानी। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज चोरगलिया में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया गया। छात्राओं के लिए पोस्टर एवं भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। पोस्टर प्रतियोगिता में निशा और ज्योति रुवाली प्रथम, कशिश द्वितीय, अंशिका आर्य तृतीय रही। भाषण में गुंजन जोशी प्रथम, सानिया द्वितीय, निकिता थापा तृतीय रही। कविता प्रतियोगिता में खुशबू प्रथम रही। प्रधानाचार्या तनुजा जोशी ने छात्राओं को साक्षरता दिवस के बारे में जानकारी दी। शिविर मुन्नी देवी, अमिता जोशी, गीता जोशी,ममता सुयाल आदि मौजूद रहे।

**जयन्त**
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com